महानगर
डाक संस्करण
वर्ष: 12, अंक: 349
मूल्य: ` 3.00, पृष्ठ:16
लखनऊ, सोमवार 25 दिसम्बर, 2017

तापमान
अधिक. 32.0 से.
न्यून. 20.0 से.

सोना-चांदी
सोना 30,850
चांदी 41,250

वॉयस ऑफ लखनऊ
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.voiceoflucknow.com

राज बिसारिया को मिला लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड

व.सं, VOL

लखनऊ। दूरदर्शन लखनऊ ने आज विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 विभूतियों को डीडी यूपी सम्मान से नवाजा। सम्मानित होने वाली विभूतियों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य में लखनऊ के डा. आशुतोष कुमार दुबे, साहित्य में अमेठी के श्रीराम शंकर अवस्थी, ललित कला में महोबा के कालीदीन विश्वकर्मा, संगीत में लखनऊ के डा. कन्हैया लाल पाण्डेय, नाटक में लखनऊ के महेश चंद्र देवा, पर्यावरण में लखनऊ के डा. भरत राज सिंह, कृषि में बस्ती के राजेंद्र सिंह एवं बालिका शिक्षा में इलाहाबाद की दीप्ती शुक्ला शामिल है। सम्मान के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान किया गया। समारोह में निर्णायक मंडल के सदस्यों साहित्यकार गोपाल चतुर्वेदी, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डा. हरिओम, वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डा. आर.एस. दूबे एवं अनुराधा गोयल को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रंगारंग समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंबई की गायिका तृप्ति शाक्या ने अपनी पुरकशिश आवाज में सत्यम शिवम सुन्दरम... भजन से अपने कार्यक्रम की शुरूवात कर कभी राम बनके कभी श्याम बनके, अवधी लोकगीत जिन मारा नजरिया के साथ और सूफी कलाम छाप तिलक और दमादम मस्त कलन्दर को सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त देवेश चतर्वेदी ने अपनी खनकती हुई आवाज में गजल सरकती जाये है रूख से नकाब आहिस्ता आहिस्ता, आया नया साल हैप्पी न्यू ईयर और लागा चुनरी में दाग गीत को सुनाकर श्रोताओं की असं य तालियां अर्जित की। देवेश के कार्यक्रम के मेरूदण्ड रहे तबले पर सुभाष शर्मा, गिटार पर राकेश आर्या, ऑक्टोपैड पर अतुल श्रीवास्तव, की-बोर्ड पर सुमित कुमार और ढोलक पर अंशू मिश्रा इसके अतिरिक्त स्टैंडअप कॉमेडियन रजनीश त्रिवेदी ने चुटीले संवादों से लोगों को हंसाकर लोटपोट कर दिया।

अन्य विभूतियां डीडी यूपी सम्मान 2017 से सम्मानित